Total No. of Pages : 23
पृष्ठों की कुल संख्या : 23

**JAC**

**HIN**
**Arts/Science/Commerce**

# झारखण्ड अधिविद्य परिषद्

## ANNUAL INTERMEDIATE EXAMINATION – 2024

## HINDI

Total Time : 3 Hours 15 minute
कुल समय : 3 घंटे 15 मिनट

Full Marks : 80
पूर्णांक : 80

**General Instructions / सामान्य निर्देश :**

1. This Question Booklet has *two* Parts — **Part-A** and **Part-B**.

   इस प्रश्न-पुस्तिका में दो भाग — **भाग-A** तथा **भाग-B** हैं।

2. **Part-A** is of MCQ Type having **30** marks and **Part-B** is of Subjective Type having **50** marks.

   **भाग-A में 30 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न तथा भाग-B में 50 अंक के विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।**

3. The candidate has to answer in the Answer Booklet which will be provided separately.

   परीक्षार्थी को अलग से उपलब्ध कराई गई उत्तर-पुस्तिका में उत्तर देना है।



https://www.jharkhandboard.com

4. **Part-A** — There are **30** Multiple Choice Questions having four (4) options ( A, B, C & D ). The candidate has to write the correct option in the Answer Booklet. ***All*** questions are compulsory. Each question carries **1** mark. There is no negative marking for wrong answer.

भाग-**A** — इसमें **30** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके 4 विकल्प ( A, B, C तथा D ) हैं। परीक्षार्थी को उत्तर-पुस्तिका में सही उत्तर लिखना है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। गलत उत्तर के लिए कोई अंक काटा नहीं जाएगा।

5. **Part-B** — There are *three* sections : **Section-A, B & C.**

This part is of Subjective Type having Very Short Answer, Short Answer & Long Answer Type questions. Total number of questions is **22**.

**Section-A** — Question Nos. **31-38** are Very Short Answer Type. Answer any **6** questions. Each question carries **2** marks.

**Section-B** — Question Nos. **39-46** are Short Answer Type. Answer any **6** questions. Each question carries **3** marks. Answer the questions in maximum 150 words each.



https://www.jharkhandboard.com

**Section-C** — Question Nos. **47-52** are Long Answer Type. Answer any **4** questions. Each question carries **5** marks. Answer the questions in maximum 250 words each.

भाग-**B** — इस भाग में तीन खण्ड — खण्ड-**A, B** तथा **C** हैं। इस भाग में अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय प्रकार के विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। कुल प्रश्नों की संख्या **22** है।

**खण्ड-A** — प्रश्न संख्या **31-38** अति लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं **6** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है। https://www.jharkhandboard.com

**खण्ड-B** — प्रश्न संख्या **39-46** लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं **6** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न **3** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दें।

**खण्ड-C** — प्रश्न संख्या **47-52** दीर्घ उत्तरीय हैं। किन्हीं **4** प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न **5** अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 250 शब्दों में दें।

6. Candidates are required to answer in their own words as far as practicable.

   परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।



https://www.jharkhandboard.com

7. ***Candidate has to hand over his/her Answer Booklet to the Invigilator compulsorily before leaving the examination hall.***

***परीक्षार्थी परीक्षा भवन छोड़ने के पहले अपनी उत्तर–पुस्तिका वीक्षक को अनिवार्य रूप से लौटा दें।***

8. Candidates can take away the Question Booklet after completion of the Examination.

परीक्षा समाप्त होने के उपरांत परीक्षार्थी प्रश्न–पुस्तिका अपने साथ लेकर जा सकते हैं।

https://www.jharkhandboard.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से



https://www.jharkhandboard.com

## Part-A
## भाग-A

### ( Multiple Choice Type Questions )
### ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

Question Nos. **1** to **30** are Multiple Choice Type. Each question has *four* options. Select the correct option and write it in the Answer Sheet. Each question carries 1 mark. 1 × 30 = 30

प्रश्न संख्या **1** से **30** तक बहुविकल्पीय प्रकार हैं। प्रत्येक प्रश्न के **चार** विकल्प हैं। सही विकल्प चुनकर उत्तर पुस्तिका में लिखें। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। 1 × 30 = 30

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1 - 4 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें ।

''परिवार समाज की पहली इकाई है जहाँ अच्छी आदतें, व्यवहार औरं संस्कार का ज्ञान हमें प्राप्त होता है । परिवार द्वारा दी गई अच्छी शिक्षा के द्वारा ही हमारे समाज की दशा एवं दिशा तय होती है । परिवार के बाद विद्यालय हमारे समाज को बेहतर बनाने में अपनी भूमिका निभाता है । विद्यालय अपने आप में समाज का एक छोटा रूप है । यहाँ विभिन्न धर्मों के बच्चे एवं बच्चियाँ अलग-अलग परिवेश से आते हैं जिनका रहन-सहन, खान-पान, पहनावा अलग होता है ।''

1. परिवार समाज की कौन-सी इकाई है ?

   (A) दूसरी इकाई
   (B) पहली इकाई
   (C) तीसरी इकाई
   (D) चौथी इकाई



https://www.jharkhandboard.com

2. परिवार द्वारा दी गई शिक्षा से हमारे समाज का क्या तय होता है ?

(A) भूमिका (B) दिशा

(C) दशा (D) (B) और (C) दोनों

3. विद्यालय अपने आप में समाज का कौन-सा रूप है ?

(A) बड़ा (B) ऊँचा

(C) नाटा (D) छोटा

4. बच्चे-बच्चियाँ अलग-अलग कहाँ से आते हैं ?

(A) उपनिवेश (B) परिवेश

(C) दरवेश (D) (A) और (B) दोनों



https://www.jharkhandboard.com

निर्देश : निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 5 - 8 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें ।

"साधना की राह पे चलना है कठिन ।
रोकेंगे साधक तुझे लाखों विघ्न ।।
हर मोड़ हर कदम पर है इम्तिहाँ
चप्पे-चप्पे पर खड़े रह जन यहाँ
आँख झपकी तो लुटा जीवन का धन
रास्ते में आग है तूफान की
जल गया वह जिसने न पहचान की
चलने वाले देखना अपना चलन"

5. किस राह पर चलना कठिन है ?

(A) साधना
(B) तपस्या
(C) भोग-विलास
(D) आराधना



https://www.jharkhandboard.com

6. लाखों विघ्न किसे रोकेंगे ?

(A) बाधक को (B) साधक को

(C) दयालु को (D) (A) और (B) दोनों को

7. आँख झपकने से क्या लुट जायेगा ?

(A) जीवन की थकान (B) जीवन का धन

(C) जीवन का मोह (D) जीवन से विछोह

8. अपना चलन किसे देखना है ?

(A) चलने वाले (B) बैठने वाले

(C) सोने वाले (D) गाने वाले



https://www.jharkhandboard.com

9. फ़ीचर किस प्रकार की विधा मानी जाती है ?

(A) विषय प्रधान (B) समस्या प्रधान

(C) व्यक्ति प्रधान (D) पात्र प्रधान

10. निम्न में से किसके द्वारा रचनात्मकता को बढ़ाया जा सकता है ?

(A) प्रशिक्षण के द्वारा (B) शिक्षा के द्वारा

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

11. समाचार पत्र की आत्मा कहाँ होती है ?

(A) स्थानीय पृष्ठ में (B) प्रथम पृष्ठ में

(C) संपादकीय पृष्ठ में (D) राष्ट्रीय पृष्ठ में



https://www.jharkhandboard.com

12. रिपोर्ट प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया क्या कहलाती है ?

(A) रिपोर्टिंग
(B) समाचार
(C) संपादकीय
(D) संवाद

13. विज्ञापन में किस प्रकार की भाषा प्रयुक्त होती है ?

(A) शुद्ध हिन्दी
(B) व्यावहारिक हिन्दी
(C) शब्दकोश आधारित
(D) अंग्रेजी मिश्रित शुद्ध हिन्दी

14. पत्रकारिता के विकास में कौन-सा मूलभाव सक्रिय रहता है ?

(A) संवेदना
(B) आर्थिक तंगी
(C) प्रतिस्पर्द्धा
(D) जिज्ञासा

15. कम्प्यूटर के लिए सबसे सुसंगत भाषा कौन सी है ?

(A) हिन्दी
(B) अंग्रेजी
(C) संस्कृत
(D) खोरठा



https://www.jharkhandboard.com

निर्देश : निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 16 - 19 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें ।

''देखा विवाह आमूल नवल,

तुझ पर शुभ पड़ा कलश का जल ।

देखती मुझे तू हँसी मंद,

होठों में बिजली फँसी स्पंद

उर में भर झूली छवि सुन्दर

प्रिय की अशब्द शृंगार-मुखर

तू खुली एक-उच्छ्वास-संग,



https://www.jharkhandboard.com

विश्वास-स्तब्ध बँध अंग-अंग

नत नयनों से आलोक उतर

काँपा अधरों पर थर-थर-थर ।

देखा मैंने, वह मूर्ति-धीति

मेरे वसंत की प्रथम गीति -

16. उपर्युक्त पंक्तियों के रचनाकार कौन हैं ?

(A) महादेवी वर्मा (B) जयशंकर प्रसाद

(C) रामविलास शर्मा (D) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'



https://www.jharkhandboard.com

प्रस्तुत पंक्तियाँ गीत की किस विधा में आती हैं ?

(A) शोक गीत (B) रौद्र गीत

(C) हास्य-व्यंग्य (D) स्मरण गीत

18. इन पंक्तियों में किसकी सुन्दरता का चित्रण किया गया है ?

(A) सुनीता (B) श्वेता

(C) सरोज (D) पूनम

19. किसके स्वप्न थक से गये थे ?

(A) उत्साह (B) प्रसाद

(C) देवसेना (D) निराशा

20. निराला किस वाद के कवि हैं ?

(A) प्रगतिवाद (B) प्रयोगवाद

(C) छायावाद (D) इनमें से सभी

21. विष्णु खरे का जन्म कब हुआ ?

(A) सन् 1840 (B) सन् 1940

(C) सन् 1845 (D) सन् 1945

22. श्री रामचरितमानस किनकी रचना है ?

(A) रामदास (B) तुलसीदास

(C) रघुबीर दास (D) सूरदास



https://www.jharkhandboard.com

23. धनानंद किसे प्रेम पत्र लिखते हैं ?

(A) अप्सरा
(B) सुनीता
(C) सुजान
(D) श्वेता

24. 'लता-प्रतान' शब्द का अर्थ क्या है ?

(A) पत्थर की लता
(B) लता का फैलाव
(C) लता का अंकुरण
(D) लता का संकुचन

25. संवदिया का नाम क्या हैं ?

(A) गणेशगोबिन
(B) विष्णुगोबिन
(C) श्यामगोबिन
(D) हरगोबिन



https://www.jharkhandboard.com

26. फणीश्वर नाथ 'रेणु' किस विचारधारा के लेखक थे ?

(A) प्रगतिशील (B) प्रयोगवाद

(C) छायावाद (D) इनमें से कोई नहीं

27. 'आरोहण' पाठ में कौन-सी नदी का जिक्र किया गया ?

(A) सूपिन नदी (B) ब्रह्मपुत्र नदी

(C) यमुना नदी (D) गंगा नदी

28. 'सूरदास की झोपड़ी' किस उपन्यास से लिया गया है ?

(A) सेवासदन (B) गोदान

(C) रंगभूमि (D) कायाकल्प



https://www.jharkhandboard.com

मौन सत्याग्रह का अर्थ क्या है ?

(A) हिंसा करना

(B) हंगामा करना

(C) तोड़फोड़ करना

(D) बिना कुछ कहे आंदोलन करना

https://www.jharkhandboard.com

30. 'बिस्कोहर की माटी' के लेखक कौन हैं ?

(A) प्रेमचन्द

(B) विश्वनाथ त्रिपाठी

(C) प्रभाष जोशी

(D) जयशंकर प्रसाद



https://www.jharkhandboard.com

JAC

Part-B

भाग-B

( Subjective Type )

( विषयनिष्ठ प्रश्न )

## Section – A

## खण्ड – A

### ( Very short answer type questions )

### ( अति लघु उत्तरीय प्रश्न )

Answer any *six* questions. $2 \times 6 = 12$

किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दें।

**निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों 31 - 33 के उत्तर दें :

मैं नहीं समझ पाता कि आमतौर पर लोग क्यों पूछते हैं कि आप कहाँ जा रहे हैं ? वे क्या पुलिस के आदमी हैं या खुफिया विभाग के हैं या चाचा होते हैं कि जानना चाहते हैं कि तुम कहाँ जा रहे हो ? यह असल में आदमी को रोककर बात करने की भूमिका है । जिसे



https://www.jharkhandboard.com

जल्दी जाना है, वह भी होशियारी करता है। कहता है ''कहीं नहीं ऐसे ही'' और आगे बढ़ जाता है। क्या सवाल-कहाँ जा रहे हैं ? और क्या जवाब है - कहीं नहीं ऐसे ही। मगर लोग पूछते ही हैं लोग जवाब भी देते हैं।

31. लोग क्या पूछते और लोग उत्तर क्या देते हैं ?

32. 'खुफिया' शब्द का अर्थ समझाइए।

33. जिसे जल्दी जाना होता है वह क्या उत्तर देता है ?

34. 'अज्ञेय' जी का पूरा नाम बताइये।

35. सागर और बूँद से कवि का क्या आशय है ?

36. 'सत्य' कविता में किस युग का चित्रण किया गया है ?

37. बालक से उसकी उम्र और योग्यता से ऊपर के कौन-कौन से प्रश्न पूछे गये ?

38. बड़ी बहुरिया अपने मायके संदेश क्यों भेजना चाहती थी ?



https://www.jharkhandboard.com

41. लेखक ने अपने पिताजी की किन–किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

42. लेखक का गाँधीजी के साथ चलने का पहला अनुभव किस प्रकार का रहा ?

43. भैरों ने सूरदास की झोपड़ी क्यों जलाई ?

44. फूल केवल गंध ही नहीं देते दवा भी करते हैं, कैसे ?

45. देवसेना की हार या निराशा के क्या कारण हैं ?

46. कवि को अपनी स्वर्गीया पत्नी की याद क्यों आई ?



https://www.jharkhandboard.com

## Section – B

## खण्ड – B

**( Short answer type questions )**

**( लघु उत्तरीय प्रश्न )**

Answer any *six* questions. Answer the questions in maximum 150 words each. 3 × 6 = 18

किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में दें।

39. 'क्षण के महत्व' को उजागर करते हुए कविता का मूल-भाव लिखिए ।

40. 'हारेहु खेल जितावहि मोही' भरत के इस कथन का क्या आशय है ?



https://www.jharkhandboard.com

JAC

## Section - C

## खण्ड - C

### ( Long answer type questions )

### ( दीर्घ उत्तरीय प्रश्न )

Answer any *four* questions. Answer the questions in maximum 250 words each. 5 × 4 = 20

किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर अधिकतम 250 शब्दों में दें।

47. "झारखण्ड की संस्कृति" विषय पर निबन्ध लिखिये ।

48. भूगोल विषय की पढ़ाई न हो पाने से उत्पन्न कठिनाई को बतलाते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य को समाधान हेतु पत्र लिखें ।

49. जनसंचार के विभिन्न माध्यमों पर प्रकाश डालें ।

50. बनारस में बसंत का आगमन कैसे होता है और उसका क्या प्रभाव इस शहर पर पड़ता है ?



https://www.jharkhandboard.com

51. कवि ने लोगों के आत्मनिर्भर, मालामाल और गतिशील होने के लिए किन तरीकों की ओर संकेत किया है ? अपने शब्दों में लिखिए ।

52. 'बालक की प्रवृत्तियों का गला घोंटना अनुचित है ।' पाठ में ऐसा आभास किन स्थलों पर होता है कि उसकी प्रवृत्तियों का गला घोंटा जाता है ?

https://www.jharkhandboard.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से